# दिनॉक 28.03.2022 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

(138)

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर के सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर जल उपलब्ध कराने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य/संस्थायें सम्मिलित हुए :–

1– श्री अक्षत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।
2– श्री राकेश कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3– श्री आलोक पटेल, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
4– श्री विशाल पोरवाल, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, सीतापुर।
5– श्री मनोज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
6– श्री नवदीप त्यागी, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
7– श्री राजेश कुमार, स्थानीय प्रतिनिधि, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनमपल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
8– श्री चन्द्रशेखर राव, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनमपल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
9– शिक्षा भारती (आई.एस.ए.) के प्रतिनिधि।
10– नवनीत फाउन्डेशन (आई.एस.ए.) के प्रतिनिधि।
11– श्री नागेशवर जन कल्याण समिति (आई.एस.ए.) के प्रतिनिधि।
12– निदान सामाजिक सेवा संस्थान (आई.एस.ए.) के प्रतिनिधि।
13– नव चेतना विकास समिति के प्रतिनिधि।
14– हेल्पिंग यूथ फाउन्डेशन के प्रतिनिधि।
15– डी0पी0एम0यू0 के समस्त कर्मचारी।

सर्वप्रथम बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत डी0पी0एम0यू0 के समस्त कर्मचारी का परिचय एवं मे0 एल0 एण्ड टी0 एवं मे0 एन0सी0सी0 को आवंटित ग्रामों की भौतिक प्रगति तथा भूमि प्रस्ताव डी0पी0आर0 की समीक्षा की गयी, स्थिति निम्नवत् है:–

**मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, लि0–**

1– मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, को आवंटित 565 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 559 ग्राम पंचायतों में लेखपाल द्वारा भूमि चिन्हित कर दी गयी है। उक्त 565 ग्राम पंचायत के सापेक्ष 310 ग्राम पंचायत की डी0पी0आर0 तैयार कर वर्तमान तक प्रस्तुत किया जा चुका है एवं 310 ग्राम पंचायत के सापेक्ष 285 ग्राम पंचायतों का ट्राई पार्टी एग्रीमेन्ट हो चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को अवशेष डी0पी0आर0 शीघ्र ही तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

2– मेसर्स एल0 एण्ड टी0, द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक 285 ग्राम पंचायत के सापेक्ष 31 ग्राम पंचायत में बोरिंग, 04 ग्राम पंचायत में शिरोपरि जलाशय एवं 31 ग्राम पंचायत में पाइप लाइन का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान तक एफ0एच0टी0सी0 का कार्य शून्य है जो कि अत्यन्त निराशा जनक है। इसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया गया एवं मेसर्स एल0 एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों की टाइम लाइन फिक्स करते हुये पर्ट चार्ट प्रस्तुत करें, जिससे कि प्रत्येक कार्य योजना में कितना विलम्ब हो रहा है प्रदर्शित हो। अनुबन्ध के अन्तर्गत पूर्ण मैनपावर सामग्री मशीनरी एवं औजार साइट पर उपलब्ध हो, जिससे कि निर्धारित समय में लक्ष्य को पूर्ण किया जा सकें।

3– मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 की मशीनरी (31 रिग मशीन के सापेक्ष 09) कम होने एवं प्रगति अत्यन्त कम होने के कारण अध्यक्ष महोदय ने मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया।



Scanned by CamScanner

137

मै0 एन0सी0सी0 लि0–

1– मै0 एन0सी0सी0 लि0, को आवंटित 326 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 326 ग्राम पंचायतों में लेखपाल द्वारा भूमि चिन्हित कर दी गयी है। उक्त 326 ग्राम पंचायत के सापेक्ष 213 ग्राम पंचायत की डी0पी0आर0 तैयार कर वर्तमान तक प्रस्तुत किया जा चुका है एवं 213 ग्राम पंचायत के सापेक्ष 141 ग्राम पंचायतों का ट्राई पार्टी एग्रीमेन्ट हो चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन0सी0सी0 लि0 को अवशेष डी0पी0आर0 शीघ्र ही तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। मै0 एन0सी0सी0 लि0, के प्रोजेक्ट मैनेजर चन्द्रशेखर राव द्वारा अवगत कराया गया कि अवशेष डी0पी0आर0 एक सप्ताह के अन्दर तैयार कर प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

2– मेसर्स एन0सी0सी0 लि0द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक 143 ग्राम पंचायत के सापेक्ष 70 ग्राम पंचायत में बोरिंग, 26 ग्राम पंचायत में पाइप लाइन का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान तक शिरोपरि जलाशय एवं एफ0एच0टी0सी0 का कार्य शून्य है जो कि अत्यन्त निराशा जनक है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन0सी0सी0 लि0 को पेयजल योजना का पर्ट चार्ट प्रस्तुत करते हुये कार्यों की प्रगति हेतु निर्देशित किया गया।

3– मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा 20 नग डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष प्रस्तुत किये, जिनकी तकनीकि संस्तुति मुख्य अभियन्ता, लखनऊ क्षेत्र द्वारा प्रदान की जा चुकी है। उक्त 20 नग डी0पी0आर0 पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। सभी 20 नग डी0पी0आर0 की लागत 5 करोड़ से कम होने के कारण तकनीकी स्वीकृति जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा दी गयी एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को अग्रसारित करने का निर्णय लिया गया।

4– जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 को जनपद सीतापुर में 946 राजस्व ग्राम में पेयजल योजना का कार्य आवंटित किया गया है। उक्त 946 राजस्व ग्राम चिन्हित कर सूचीबद्ध करते हुये सर्वे कार्य एवं डी0पी0आर0 तैयार करने के लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया।

आई0एस0ए0 के कार्यों की समीक्षा–

1– जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत बैठक में हेल्पिंग यूथ फाउन्डेशन, शिक्षा भारती, नव चेतना विकास समिति, नवनीत फाउन्डेशन, निदान सामाजिक सेवा संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 के अवशेष कार्य को पूर्ण करने, कराये गये कार्यों के भुगतान एवं नये कलेस्टर का आवंटन आदि पर समीक्षा की गयी।

2– जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त आई0एस0ए0 को डी0पी0एम0यू0 से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक गॉव में जन जागरूकता अंशदान ऑन लाइन पोर्टल पर कार्यों की फीडिंग हेतु निर्देशित किया गया।

डी0पी0एम0यू0 के कार्यों की समीक्षा–

1– जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत बैठक में डी0पी0एम0यू0 के समस्त अधिकारी/कर्मचारी श्री अमन सचान, श्री वरूणेश कुमार शुक्ला, श्री मुदित मिश्रा, श्री संदीप कुमार, श्री फहद अहमद, श्री दिवाकर कुमार एवं स्वेता सचान उपस्थित रहे, जिनका परिचय एवं उनसे सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा की गयी एवं निर्देशित किया गया कि अगली जल जीवन मिशन की बैठक में पूर्ण तैयारी के साथ आये और प्रजेन्टेशन के माध्यम से कार्यों को प्रस्तुत करें।

मेसर्स सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0) के कार्यों की समीक्षा–

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत बैठक में मेसर्स सेन्सिस टेक लि0 के प्रतिनिधि श्री नरदीप त्यागी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, वितरण प्रणाली (पाइप लाइन) के स्पेसिफिकेशन के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी एवं कार्यों की गुणवत्ता हेतु ड्राइंग डिजाइन के अनुसार कार्य को सम्पादित कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया ।



Scanned by CamScanner

अन्त में अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक समाप्त करते हुए समस्त अधिकारियों, निर्माण हेतु कार्यदायी फर्मों मे0 (लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 एवं मै0 एन0सी0सी0 लि0) टी0पी0आई0, आई0एस0ए0 एवं डी0पी0एम0यू0 को अपने-अपने दायित्वों को निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये। (138)

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
सीतापुर
(सदस्य सचिव)

जिला पंचायत राज अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

जिला विकास अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

मुख्य विकास अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)

पृ0 संख्याः 88 / DWSM-बैठक /02 दिनॉक / 30/03/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
2- अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।
3- जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
4- सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
5- प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनामल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
6- प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।
7- समस्त इम्पलीमेन्ट सपोर्ट एजेन्सी, सीतापुर।
8- डी0पी0एम0यू0।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
(सदस्य सचिव)



Scanned by CamScanner